# अखंडा 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण और मशहूर निर्देशक बोयापति श्रीनु की बहुप्रतीक्षित धार्मिक-एक्शन फिल्म 'अखंडा 2' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. रिलीज होते ही ट्रेलर छा गया और दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है. फिल्म की टीम ने इसके प्रचार को लेकर इस बार बेहद बड़े स्तर पर योजना बनाई है. पूरे भारत में विशाल अभियान चलाया गया, जिसके चलते यह फिल्म राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही चर्चा का विषय बन चुकी है.

14 रील्स प्लस बैनर के अंतर्गत राम अचंता और गोपिचंद अचंता ने इसका निर्माण किया है, जबकि एम तेजस्विनी नंदमुरी फिल्म को भव्य रूप में प्रस्तुत कर रही हैं. पहले जारी हुए गानों और छोटे टीज़र ने दर्शकों की उम्मीदों को पहले ही ऊँचा कर दिया था. बैंगलोर में फिल्म का मुख्य थिएटर ट्रेलर बड़े आयोजन के बीच लॉन्च किया गया, जहाँ कन्नड़ सुपरस्टार शिव राजकुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे. उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया.




ट्रेलर की शुरुआत एक चेतावनी भरे माहौल से होती है कुछ दुष्ट शक्तियाँ, जो भारत के भीतर और बाहर दोनों ओर मौजूद हैं, देश की आध्यात्मिक जड़ों पर प्रहार करना चाहती हैं. उनका उद्देश्य न सिर्फ सनातन धर्म की मूल भावना को मिटाना है, बल्कि पूरे राष्ट्र में भय, भ्रम और अस्थिरता पैदा करना है. लेकिन जहाँ आस्था डगमगाती है, वहीं एक अदृश्य शक्ति जागकर खड़ी हो जाती है अखंडा. जैसे दिव्य अग्नि का प्रकट होना, अखंडा का प्रवेश रोमांचक और प्रेरणादायक दोनों है. बोयापति श्रीनु इस बार इससे भी बड़े पैमाने, व्यापक दृष्टि और असाधारण साहस के साथ कहानी कहने में जुटे हैं.

ट्रेलर में यह साफ दिखता है कि फिल्म की कहानी केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है; इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, आध्यात्मिक शक्ति, पौराणिक ऊर्जा और आधुनिक संघर्षों का अनोखा संगम है. कुंभ मेला के दृश्य ट्रेलर को अद्भुत भव्यता देते हैं और बड़े परदे पर असाधारण अनुभव का संकेत देते हैं.

# कार्तिक की जबरदस्त बॉडी की हो रही चर्चा

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी धांसू और तराशी हुई बॉडी को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं. उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का जबसे दमदार टीज़र आया है, इंटरनेट पर मानो बवंडर ही मच गया है. टीज़र में 'रे' के किरदार में नज़र आ रहे कार्तिक पहले से कहीं अधिक फिट, मजबूत और पूरी तरह बदले हुए अवतार में दिखाई दे रहे हैं. चौड़े कंधे, निखरी मांसपेशियाँ और परफेक्ट सिक्स-पैक के साथ उनकी झकास स्क्रीन मौजूदगी दर्शकों का ध्यान खींच रही है. कार्तिक की यह शारीरिक यात्रा अपने-आप में बेहद प्रेरणादायक कही जा रही है. एक समय जहां उनकी पहचान चॉकलेट-बॉय लुक से होती थी, वहीं अब उनका नया रग्ड और रफ़ लुक युवा दर्शकों के लिए फिटनेस का बड़ा उदाहरण बन गया है.

उन्होंने साबित कर दिया है कि लगातार अनुशासन, नियमित दिनचर्या और कठिन अभ्यास से कोई भी कलाकार अपने रूप, ऊर्जा और पूरे ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व को पूरी तरह बदल सकता है. यही वजह है कि सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक उनके इस नए अंदाज़ की जमकर तारीफ कर रहे हैं. टीज़र में कार्तिक की दृढ़ता और एकाग्रता भी साफ झलकती है. उनका यह तेज़-तर्रार और सजीला रूप केवल एक दिखावा नहीं, बल्कि उस गहराई का परिणाम है जो वह अपनी हर भूमिका में डालते हैं. 'चंदू चैंपियन' के लिए उनकी अत्यंत कठिन शारीरिक तैयारी हो या आने वाली फिल्मों के लिए उनका एथलेटिक अभ्यास, कार्तिक हर बार स्वयं को नया और बेहतर बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ जुट जाते हैं.



# इफ्फी में छाई अनुपम की 'तन्वी द ग्रेट'

बॉलीवुड फिल्मकार ,अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने हाल ही में इफ्फी में अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की. यह फ़िल्म ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में शामिल होने का सपना पूरा करने की राह पर निकलती है. वह साबित करती है कि असली हीरो दिल से आता है. फिल्म की फेस्टिवल स्क्रीनिंग के बाद अनुपम खेर और अभिनेत्री तन्वी ने मीडिया से बातचीत की. दर्शकों और



प्रतिनिधियों ने फ़िल्म को गर्मजोशी और उत्साह के साथ सराहा.

अनुपम खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है, जिसके कारण यह प्रोजेक्ट उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बन गया. ऑटिज़्म पर बात करते हुए अनुपम खेर ने कहा कि हम अक्सर 'नॉर्मल' का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है. उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं. खेर ने आगे कहा कि वे आगे भी ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो 'मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें.'

फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने 'तन्वी द ग्रेट' के साथ सिनेमा जगत में अपनी शुरुआत की है. शुभांगी ने अनुपम खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की जमकर तारीफ की. उन्होंने उन्हें एक 'सख्त गुरु' बताया, यह कहते हुए कि उनके मार्गदर्शन ने न केवल उनके अभिनय को निखारा बल्कि उनके भीतर छिपी कलात्मक क्षमता को पहचानने में भी मदद की.

## शूटिंग के दौरान फातिमा को आया था दौरा

**फिल्म** 'गुस्ताख इश्क' की शूटिंग के दौरान घटी घटना ने फातिमा और विजय दोनों की जिंदगी में एक यादगार और भावुक पल छोड़ दिया. विजय वर्मा ने पॉडकास्ट पर बताया कि फातिमा सना शेख पहले से ही एपिलेप्सी से जूझ रही हैं और वह अक्सर अपने आसपास के लोगों को सतर्क रहने की सलाह देती हैं. उन्होंने शूटिंग शुरू होने से पहले ही विजय और कुछ क्रू मेंबर्स को समझाया था कि यदि उन्हें अटैक आए तो क्या करना चाहिए राइट साइड करवट, सिर के नीचे सहारा, चेहरे पर कोई कपड़ा नहीं और सांस लेने के लिए खुली जगह. विजय ने बताया कि वह पहले इसे हल्के में ले रहे थे, पर जब रात को पैकअप के समय अचानक एक तेज आवाज उनके कानों में पड़ी, तो उनका दिल बैठ गया. कमरे में पहुंचते ही उन्होंने देखा कि फातिमा को दौरा पड़ चुका था. उस क्षण उन्होंने खुद को बेहद कमजोर और असहाय महसूस किया. पर तभी उन्हें फातिमा के बताए निर्देश याद आए. उन्होंने तुरंत कमरे में भीड़ कम करवाई, उन्हें सही पोज़िशन में लेटाया.



## भारत नेशनल अवार्ड से सम्मानित हुई द पेंटिंग

**भारत** नेशनल फिल्म फेस्टिवल में देश भर से फिल्मों में से 14 फिल्मों को चुना गया था, जिसमें 'द पेंटिंग' भी शामिल थी . इस फिल्म को दो अवार्ड से सम्मानित किया गया है .इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक डॉ . ब्रजेश हरीशंकर वर्मा जो कि मध्य प्रदेश के इंदौर शहर से हैं, उन्होंने फिल्म फेस्टिवल की चयन समिति को दिल से धन्यवाद कहा . उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय बाजार में धूम मचाने को तैयार है .द पेंटिंग' एक रोमांटिक म्यूजिकल हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसकी पूरी शूटिंग मध्य प्रदेश में हुई है . इस फिल्म में बॉलीवुड के देव शर्मा, आशीमा शर्मा, हेमंत, अलिशा फेरो, स्मितिका आचार्य, हेमंत पांडे, हैरी जोश और कृति आदर्कर, राघवेंद्र तिवारी जैसे कलाकारों ने काम किया है .

## एण्ड टीवी पर होगा एआई कंट्रोल का धमाका !

एण्ड टीवी के हप्पू की उलटन पलटन और भाबीजी घर पर हैं में इस हफ्ते दर्शकों को कॉमेडी, उथल-पुथल और पागलपन की डबल खुराक मिलेगी ! क्योंकि इस बार टेक्नोलॉजी, जलन और अचानक आए ट्विस्ट से आपके चहेते घरों में हंगामा मचने वाला है. हप्पू की उलटन पलटन के बारे में, गीतांजलि मिश्रा उर्फ राजेश ने बताया, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) बिल्कुल थक गया है. नौकरी, परिवार और रोज के कामों से वो बेहद परेशान है और घरवाले भी उससे खुश नहीं हैं- बच्चे, अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और मैं भी ! तभी उसके वैज्ञानिक चाचा का फोन आता है. सालों पहले हप्पू ने उनकी लैब बचाई थी. अब उसका शुक्रिया करने के लिए वो उसके लिए टी 20 नाम का रोबोट बनाते हैं. हप्पू खुशी से उछल पड़ता है. वह सोचता है कि अब सब काम बिना थके हो जाएंगे. उधर, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) चाचा से बिमलेश का रोबोट वर्जन बनाने को कहने लगता है. लेकिन उनसे गलती हो जाती है. बिमलेश की फोटो पानवाले की गर्लफ्रेंड की फोटो से बदल जाती है. इससे बड़ा तमाशा हो जाता है ! फिर रात को टी20 हमारे कमरे में घुस आता है. वो नाचने-गाने लगता है, जैसा हप्पू कभी नहीं करता. मैं तो खुश हो जाती हूं, लेकिन हप्पू डर जाता है. जब वो चाचा को झिड़कता है, तो टी20 उदास होकर बागी हो जाता है ! क्या हप्पू इस इमोशनल एआई रोबोट को संभाल पाएगा.

## लॉफ्टर शेफ्स का धमाकेदार सीजन के साथ होगा आगाज

कलर्स लेकर आ रहा है 2025 का नंबर 1 नॉन-फिक्शन शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट एक नए, और भी धमाकेदार सीजन के साथ ! यह होमग्रोन कलिनरी कॉमेडी रियलिटी शो अपनी अनफ़िल्टर्ड सेलेब्रिटीज़ और अनस्क्रिप्टेड किचन के हंगामे से दर्शकों का दिल जीत चुका है. टीवी पर 185 मिलियन की जबरदस्त पहुंच और कलर्स के सोशल मीडिया पर हर तीन में से एक बातचीत लाफ्टर शेफ्स को लेकर होती है- यह शो अब लौट रहा है, साथ लाते हुए एक नया धमाल, नई शरारतें और किचन का सबसे मज़ाकिया युद्ध मैदान. तीसरे सीजन में यह नेशनल फैमिली रिचुअल बन चुका शो रसोई को बदल देगा एक कॉमेडी वॉर ज़ोन में टीम कांटाज बनाम टीम छुरीज, वीकेंड पर हँसी का ऐसा तूफ़ान जो मिस नहीं किया जा सकता ! आपके पसंदीदा ओजी ट्रबलमेकर्स फिर लौट रहे हैं, और इस बार उनके साथ जुड़ रही है एक नई, ऊर्जा से भरी स्क्वाड जो किचन में हलचल, छलकना, गिरना, बिगाड़ना और मसाला बढ़ाना... सब करने को तैयार है. एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने वाली जोड़ी करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश से लेकर, प्यारी पति-पत्नी की जोड़ी देबिना बनर्जी-गुरमीत चौधरी और चंचल व बेबाक ईशा सिंह-विवियन डीसेना तक, हंसी का यह हंगामा सरप्राइज़ से भरा होने वाला है. इस गर्मी को और बढ़ाने के लिए, हाई-वोल्टेज जोड़ी अभिषेक कुमार-समर्थ जुरेल पूरी तरह तैयार है अपने माचो ड्रामा का तड़का लगाने के लिए.

## माधुरी 'मिसेज देशपांडे' में बनेंगी सीरियल किलर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जियोहॉटस्टार की सीरीज मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाती नजर आयेंगी. जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज़ मिसेज देशपांडे की रिलीज़ डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी



दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी. इस सीरीज का शानदार टीज़र दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है. नागेश कुकूनूर द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ धैर्य और सटीकता से टेंशन क्रिएट करती है. यह एक ऐसी कहानी रचती है जो समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है. एप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा कुकूनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित यह शो मूल फ्रेंच थ्रिलर 'ला मांटे' से रूपांतरित किया गया है, जिसका निर्माण जीन नैनक्रिक ने किया था. इसमें सिद्धार्थ चंदेकर और प्रियांशु चैटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे. माधुरी दीक्षित ने कहा,

'मिसेज देशपांडे मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से एकदम अलग है. यह एकदम रॉ और बिना फिल्टर का है और इसमें कोई ग्लैमर नहीं है जिसे दर्शक आमतौर पर मुझसे जोड़ते हैं. यह मेरी अब तक की सबसे जटिल भूमिका है आप लगातार महसूस करते हैं कि आप उन्हें जानते हैं, जब तक कि आप न जानें. इतने सारे ग्रे शेड्स वाले किरदार को निभाना उत्साहजनक और तनावपूर्ण दोनों रहा है ! मैं बहुत बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक मेरा यह रोमांचक और नया रूप देखें.



# रेलवे इंटर लेवल भर्ती शुरू 3058 पदों पर आवेदन

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने एनटीपीसी इंटर लेवल भर्ती 2025 के लिए बड़ा नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. देशभर के युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है, क्योंकि इस बार कुल 3058 पदों पर भर्ती की जाएगी.

आवेदन प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है और उम्मीदवार 27 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. यह भर्ती सीईएन 07/2025 के अंतर्गत आयोजित होगी. भर्ती में शामिल सभी पद 10+2 योग्यता पर आधारित हैं. इसमें कमर्शियल कम टिकट क्लर्क, अकाउंट्स क्लर्क-कम-टाइपिस्ट, ट्रेन क्लर्क और जूनियर क्लर्क-कम-टाइपिस्ट जैसे पद शामिल हैं. सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए इंटर में 50% अंक अनिवार्य हैं, जबकि एससी, एसटी और पीएच उम्मीदवारों के लिए सिर्फ पास होना पर्याप्त है. जहाँ टाइपिंग वाले पद हैं, वहाँ अभ्यर्थियों के लिए अंग्रेज़ी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग गति निर्धारित की गई है.

भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तय की गई है, जिसका निर्धारण 01 जनवरी 2026 को आधार माना जाएगा. रेलवे नियमों के अनुसार, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में नियमानुसार छूट भी दी जाएगी.


परीक्षा प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होगी जिसमें सीबीटी-1, सीबीटी-2, उसके बाद स्किल टेस्ट/टाइपिंग टेस्ट, दस्तावेज़ सत्यापन और मेडिकल परीक्षण शामिल हैं.

## जैट 2026 रजिस्ट्रेशन

# 5 दिसम्बर तक आखिरी मौका

जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट यानी ज़ैट 2026 के रजिस्ट्रेशन का आखिरी चरण अब शुरू हो चुका है. देश की सबसे भरोसेमंद मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षाओं में शामिल ज़ैट के लिए आवेदन 5 दिसम्बर 2025 की देर शाम तक स्वीकार किए जाएंगे. 10 जुलाई 2025 से जारी इस प्रक्रिया में अब तक हज़ारों उम्मीदवार पंजीकरण कर चुके हैं और अंतिम तारीख नज़दीक आने के कारण आवेदन की रफ्तार और बढ़ गई है.

इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के 250 से अधिक बिजनेस स्कूलों में एमबीए और पीजीडीएम कार्यक्रमों में प्रवेश मिलता है, इसलिए इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे अंतिम समय का इंतज़ार न करें और जल्द से जल्द अपना ऑनलाइन फॉर्म पूरा कर लें. ज़ैट 2026 में शामिल होने के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में तीन वर्षीय बैचलर डिग्री अनिवार्य है. फाइनल ईयर के छात्र भी परीक्षा के लिए पात्र हैं. हालांकि आवेदन करने के लिए किसी न्यूनतम प्रतिशत की शर्त नहीं है, लेकिन प्रत्येक



मैनेजमेंट संस्थान के अपने प्रवेश मानदंड हो सकते हैं. परीक्षा 4 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी. इसलिए समय रहते आवेदन पूरा करना और तैयारी को धार देना बेहद जरूरी है.

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा. इसके बाद ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरना, शैक्षणिक विवरण, कार्य अनुभव और परीक्षा शहर की प्राथमिकता दर्ज करनी होगी. फोटो, सिग्नेचर और वैध पहचान पत्र अपलोड करने के बाद सभी जानकारी को ध्यान से जांचकर फॉर्म सबमिट करना होगा.



# युवाओं के लिए कॅरियर टिप्स

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में नौकरी पाना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो चुका है, लेकिन सही दिशा में की गई तैयारी युवाओं को बेहतर अवसर दिला सकती है. सबसे पहले जरूरी है कि युवा अपनी रुचि, कौशल और लंबे समय के लक्ष्य को समझें. करियर चुनते समय इस बात पर ध्यान दें कि आपका चुना क्षेत्र आपको प्रेरित करता है या नहीं. जब आपकी रुचि और कौशल एक दिशा में काम करते हैं, तो सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है.

**मजबूत रिज्यूमे तैयार करें**- नौकरी पाने की प्रक्रिया में रिज़्यूमे सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है. इसे प्रोफेशनल और साफ-सुथरे फॉर्मेट में बनाएं. अपने कौशल, शिक्षा, इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट्स और उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से उल्लेख करें. कोशिश करें कि रिज़्यूमे एक या दो पेज का हो और हर जानकारी प्रासंगिक हो. गलत जानकारी, अनावश्यक विवरण या सजावटी भाषा से बचें. आजकल कंपनियां स्किल-बेस्ड रिक्रूटमेंट कर रही हैं, इसलिए तकनीकी और सॉफ्ट स्किल्स दोनों को बराबर महत्व दें.

**नेटवर्किंग पर ध्यान दें**- आज के समय में नेटवर्किंग एक बड़ा साधन है. लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रोफेशनल प्रोफाइल बनाएं, ग्रुप्स से जुड़ें और अपने क्षेत्र के लोगों से संवाद करें. सही नेटवर्क आपको अच्छे अवसरों के करीब ला सकता है.

**इंटरव्यू में क्या करें और क्या न करें**- इंटरव्यू में समय से पहले पहुंचें, प्रोफेशनल कपड़े पहनें और बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दें. सवालों का जवाब आत्मविश्वास से दें लेकिन घमंड न दिखाएँ. कंपनी के बारे में अच्छी तरह रिसर्च करें और इंटरव्यूअर से संबंधित सवाल पूछें.

**ध्यान रखें**—इंटरव्यू में गलत जानकारी न दें, मोबाइल फोन बंद रखें, और किसी पूर्व कंपनी या व्यक्ति की बुराई बिल्कुल न करें. यदि युवा इन टिप्स का पालन करें तो नौकरी पाने का रास्ता आसान हो सकता है. मेहनत, कौशल और सकारात्मक सोच हर अवसर का दरवाज़ा खोल देती है.

# लॉ स्कूलों में एडमिशन का मौका

**एसएलएटी 2026 आवेदन 30 नवंबर तक**

**सिम्बायोसिस** लॉ एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुँच चुकी है. सिम्बायोसिस इंटरनेशनल द्वारा आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन फॉर्म 30 नवम्बर 2025 तक भरे जा सकेंगे. जो छात्र भविष्य में लीगल प्रोफेशन में करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा से पहले आवेदन कर लें. एसएलएटी परीक्षा 20 और 28 दिसम्बर 2025 को दो अलग-अलग दिनों में आयोजित की जाएगी.

खास बात यह है कि उम्मीदवार दोनों दिन परीक्षा दे सकते हैं और एडमिशन के लिए उनके दोनों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर को माना जाएगा. इस परीक्षा के ज़रिए छात्र पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों के प्रीमियर लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकेंगे. एसएलएटी का आयोजन देशभर के 68 शहरों में कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में किया जाएगा.



परीक्षा 60 मिनट की होगी, जिसमें कुल 60 सवाल पूछे जाएंगे. पेपर पांच मुख्य भागों में बंटा होगा लॉजिकल रीज़निंग, लीगल रीज़निंग, एनालिटिकल रीज़निंग, रीडिंग कॉम्प्रीहेन्शन और जनरल नॉलेज प्रत्येक सेक्शन में 12 प्रश्न होंगे. यह परीक्षा साल में केवल एक बार दिसंबर में आयोजित होती है और इसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी, जिससे यह अन्य लॉ प्रवेश परीक्षाओं से अलग बनती है.

इस परीक्षा के माध्यम से छात्र विभिन्न इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्रामों में दाखिला ले सकते हैं, जिनमें बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स), बी.बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स), बी.ए. एलएल.बी., बी.बी.ए. एलएल.बी. और बी.कॉम एलएल.बी. (ऑनर्स) शामिल हैं. इनमें से बी.कॉम एलएल.बी. (ऑनर्स) एक नया लॉन्च किया गया पाठ्यक्रम है, जिसे इस वर्ष एसएलएस पुणे ने शुरू किया है. यूनिवर्सिटी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल एस-एल-ए-टी परीक्षा शुल्क भर देने से उम्मीदवार किसी प्रोग्राम की शॉर्टलिस्टिंग के लिए स्वत: योग्य नहीं होंगे. इसके लिए इच्छित हर प्रोग्राम का अलग रजिस्ट्रेशन शुल्क भी जमा करना अनिवार्य है.